भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नईदिल्ली–110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी: info@bsgindia.org दूरभाष:+91-11-23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 132/2020
दिनांक : 29 सितम्बर, 2020

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

अनुस्मारक–2

विषय :– केयर एण्ड शेयर–" पीएम केयर फंड/सीएम रिलीफ फंड" में योगदान हेतु अपील
सन्दर्भ:– (1) राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या–55/2020 दिनॉक–01–05–2020
(2) राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या–94/2020 दिनॉक–22–07–2020

महोदय/महोदया,

कृपया उद्धृत विषय पर राष्ट्रीय मुख्यालय के परिपत्र संख्या–55/2020 दिनॉक–01–05–2020 एवं परिपत्र संख्या–94/2020 दिनॉक–22–07–2020 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

जैसा कि आप अच्छी तरह से जानते है कि राष्ट्रीय योजना समिति ने 30 अप्रेल, 2020 को आयोजित अपनी आभासी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न आपातकाल में सरकार को **" प्राइम मिनिस्टर्स केयर्स फंड (पीएम केयर्स फंड)/चीफ मिनिस्टर्स रिलीफ फंड (सीएम रिलीफ फंड)** के अन्तर्गत सहयोग प्रदान करने हेतु ''केयर एवं शेयर फंड'' नाम से एक फंड जुटाने हेतु अभियान प्रारम्भ करेगा। यह निर्णय लिया गया है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रत्येक सदस्य को पीएम केयर्स फंड/सीएम रिलीफ फंड में प्रति सदस्य न्यूनतम 10/–रूपये का योगदान करना है। जो लोग अपनी क्षमता एवं इच्छानुसार अधिक योगदान देना चाहते है, उनकी इस उदारता हेतु उनका स्वागत है।

अब तक, राज्य संघों ने अपने संबंधित जिला एवं स्थानीय संघों से ''पीएम केयर फंड/सीएम रिलीफ फंड'' हेतु योगदान एकत्रित कर लिया होगा। राज्य एकत्रित धनराशि की 50 प्रतिशत राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने हेतु अपने पास रखकर शेष 50 प्रतिशत धनराशि को 10 अक्टूबर 2020 तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के बैंक खाते में अवश्य जमा कराने का कष्ट करें जिससे की संगठन के सामूहिक योगदान को पीएम केयर फंड हेतु सौंपा जा सके।

जो राज्य संघ पहले ही अपने स्तर पर पीएम केयर फंड/सीएम रिलीफ फंड में योगदान दे चुके हैं से निवेदन है कि वे योगदान की गई धनराशि का विवरण राष्ट्रीय मुख्यालय को रिकॉर्ड हेतु भेजने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में हम आपकी सकारात्मक प्रतिक्रिया की अपेक्षा करते हैं।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(अमर बी. क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक (स्काउट)

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।